सड़क पर कचरा फैलाकर व्यवसाय करने वाले व्यवसायी को दी गई समझाइस, दोबारा फेंका तो होगी जुर्माने की कार्रवाई, निगम आयुक्त लोकेश चंद्राकर ने वैशाली नगर क्षेत्र का किया निरीक्षण

भिलाई नगर/ नगर पालिक निगम भिलाई के आयुक्त लोकेश चंद्राकर आज प्रातः निरीक्षण के दौरान वैशाली नगर क्षेत्र में ओम शांति ओम चौक के समीप पहुंचे , वहां पर उन्होंने प्रमुख सड़क के किनारे नारियल के खोटले को पड़ा हुआ देखा , आयुक्त ने कचरा फैलाने वाले की जानकारी प्राप्त की। बाजू में ही नारियल का व्यापार करने वाले के द्वारा नारियल के उपयोग उपरांत कचरा फैलाना पाया गया , निगमायुक्त ने चेतावनी देते हुए व्यापारी को समझाइश दी , उन्होंने कहा कि आसपास की स्वच्छता बनाए रखना हमारी भी जिम्मेदारी है , कचरा को इधर-उधर न फेंककर निर्धारित सफाई वाहन को देवे, उन्होंने कहा कि दोबारा कचरा फेंकते पाए जाने पर जुर्माना सहित अन्य नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी। ओम शांति ओम चौक से एकता चौक की ओर जाने वाले रास्ते पर डिवाइडर में उन्होंने अनावश्यक झाड़ियों की सफाई कराकर वृक्षारोपण करने के निर्देश भी दिए। शराब भट्टी के समीप उन्होंने सफाई व्यवस्था का जायजा लिया, समीपस्थ कुछ लोगों द्वारा इस खाली मैदान में कचरा डालने की शिकायत प्राप्त हुई है , जिसको देखते हुए आयुक्त ने कचरा डालने वालों पर जुर्माना लगाने के निर्देश दिए हैं। निगमायुक्त ने डोर टू डोर कचरा कलेक्शन एवं सेग्रीगेशन के लिए अपनाई जाने वाली प्रक्रिया के बारे में स्पॉट में ही जानकारी ली। उन्होंने कहा कि इस खाली स्थान की नियमित रूप से मॉनिटरिंग भी होती रहे और कचरा डालने वालों पर सख्त से सख्त कार्रवाई करें। ओम शांति ओम चौक के समीप बाजार क्षेत्र का भी उन्होंने निरीक्षण किया उन्होंने यहां पर नाली निकासी की व्यवस्था भी देखी। निगमायुक्त ने पब्लिक फीडबैक लेकर अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान जोन स्वास्थ्य अधिकारी अनिल मिश्रा मौजूद रहे।